धालभूम क्लब में 14 को सजेगी 'हिन्दुस्तान डांडिया नाइट'

जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता। नवरात्र के अवसर पर शहरवासियों के लिए उल्लास और उमंग से भरी एक खास शाम सजने जा रही है। आपके प्रिय अखबार हिन्दुस्तान की ओर से इस बार भी शहर में भव्य हिन्दुस्तान डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है। यह डांडिया उत्सव 14 अक्तूबर को साकची के आमबागान स्थित धालभूम क्लब में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे से होगी, जहां संगीत, नृत्य और पारंपरिक रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस आयोजन को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए विशेष रूप से लाइव डीजे का प्रबंध किया गया है, जिसकी धुन पर हर कोई झूमने को मजबूर हो जाएगा। डांडिया की बीट्स पर लोगों को थिरकाने के लिए विशेष डांस ग्रुप भी मौजूद रहेंगे, जो पूरे माहौल में ऊर्जा भर देंगे। पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर आने वाले शहरवासियों के लिए यह शाम बेहद यादगार होने वाली है। नृत्य और संगीत के साथ-साथ इस उत्सव में लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए विभिन्न प्रकार के खाने-पीने के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जो इस सांस्कृतिक उत्सव के आनंद को और बढ़ा देंगे। हिन्दुस्तान का यह आयोजन जमशेदपुर के लोगों को एक ही मंच पर उत्सव का भरपूर आनंद लेने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम एक नजर में

तिथि : 14 अक्तूबर 2026
समय : संध्या 6 बजे से
स्थान : धालभूम क्लब, आमबागान, साकची
सिंगल महिला : 149 रुपये
सिंगल पुरुष : 199 रुपये
कपल : 299 रुपये
फैमिली (चार सदस्य) : 499 रुपये

क्यू आर कोड करें स्कैन

हिंदुस्तान डांडिया नाइट के लिए क्यूआर कोड भी दिया गया है। इसे स्कैन कर एंट्री फीस भर सकते हैं। बुकिंग के लिए बुक माई शो का उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए हिंदुस्तान कार्यालय के मोबाइल नंबर 9472785874 और 9334085843 पर संपर्क किया जा सकता है।

जुगसलाई सीएचसी में महिला व शिशु रोग विशेषज्ञ भी देंगी सेवा

जमशेदपुर। जुगसलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भी मरीजों का इलाज करेंगी।

सदर अस्पताल में कार्यरत गायनी और चाइल्ड विशेषज्ञ डॉक्टरों की दिन बदलकर जुगसलाई स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी लगाने की तैयारी की जा रही है। इससे क्षेत्र की महिलाओं व बच्चों को निजी विशेषज्ञ या सरकारी चिकित्सा सेवा के लिए सदर अस्पताल पर से निर्भरता कम होगी।

शहर 30s

गुरुवार को स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की जांच करतीं चिकित्सक। • हिन्दुस्तान

जांच शिविर में 356 लोगों ने उठाया लाभ

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था 'सैल्यूट तिरंगा झारखंड' के प्रदेश अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी एवं जुगसलाई नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में नगर परिषद हॉल में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता, ब्रह्मानंद एवं सिटी फोर्ट साइट के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सफाई कर्मियों समेत स्थानीय नागरिकों की जांच की, जिसमें कुल 356 लोगों ने लाभ उठाया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष अर्चना दुबे एवं विशिष्ट पदाधिकारी संदीप पासवान तथा सम्मानित अतिथि भगवान सिंह व सरदार शैलेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

टीडब्ल्यू अध्यक्ष ने किया कैंटीन का उद्घाटन

जमशेदपुर। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने एलडी-3 कैंटीन का उद्घाटन गुरुवार को किया। इसके साथ-साथ उन्होंने वहां पौधे भी लगाए। इस कार्यक्रम में यूनियन के सह अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष आमोद दुबे, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, राजीव कुमार चौधरी एवं अजय चौधरी सम्मिलित हुए। कैंटीन कमेटी की ओर से ऋचा केडिया, विभागीय चीफ हितेश शाह एवं विभागीय कमेटी मेंबर भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

एमजीएम में एमबीबीएस के छात्रों के लिए समारोह

जमशेदपुर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को एमबीबीएस के नए छात्रों की स्वागत में व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. विनीता सिन्हा, डॉ. लुगुराम टुडू, डॉ. सुमी मोदी, डॉ. शिखा रानी, डॉ. पूनम मेहता एवं अन्य फैकल्टी व वरिष्ठ डॉक्टर व प्रोफेसर शामिल हुए। इस दौरान छात्र एक दूसरे से परिचय करने के साथ कई तरह के कार्यक्रम में शामिल होते हैं। वहीं, वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रोफेसर ने छात्रों को पढ़ाई के महत्व से अवगत कराया।

सदर अस्पताल में 3 से 14 तक वीआईए प्रशिक्षण

जमशेदपुर। राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीडी) के तहत 3 से 14 अक्तूबर सदर अस्पताल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को 10 दिवसीय वीआईए (विजुअल इंस्पेक्शन विथ एसिटिक एसिड) प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिविल सर्जन कार्यालय से गुरुवार को जारी पत्र में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्धारित संख्या में सीएचओ को प्रशिक्षण में समय पर भेजने का निर्देश दिया गया है।

पटमदा: जल सहियाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

पटमदा। जिला जल एवं स्वच्छता समिति पूर्वी सिंहभूम के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा-2026 के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। गुरुवार को पटमदा प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में जल सहियाओं ने श्रमदान कर सफाई की। इस दौरान जल सहियाओं ने मंदिर परिसर में उगी घास की सफाई की। मौके पर संघ की अध्यक्ष दुखनी सोरेन, सचिव पायो रानी मुर्मू आदि मौजूद थीं।

जेएनएसी: मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी

जमशेदपुर। झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन के महासचिव रमेश मुखी के नेतृत्व में गुरुवार को सफाई एवं सैनिटेशन मजदूरों ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मजदूरों ने अपनी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने की घोषणा की। प्रदर्शन के बाद मजदूरों ने जेएनएसी के नगर आयुक्त को हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पत्र सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। रमेश मुखी ने कहा कि मांगों के समाधान तक मजदूर काम पर नहीं लौटेंगे।

टिनप्लेट में दो ठेका कर्मियों की मौत पर एमडी ने जताई नाराजगी

सेफ्टी विजिट प्लांट में करें, सिर्फ पेपर में नहीं

एमडी ऑनलाइन

जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेन्द्रन ने सितंबर माह में टिनप्लेट डिवीजन में दो ठेका श्रमिकों की मौत पर गहरी चिंता और नाराजगी जताई है। उन्होंने दुर्घटना की जानकारी देने वाले कंपनी अधिकारी से कहा कि प्रजेंटेशन में मृतक के नाम सहित पूरा विवरण दें। मृत कर्मचारी का सम्मान पूर्वक नाम लें। वे गुरुवार को एमडी ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

एमडी ने कहा, सेफ्टी विजिट प्लांट में करें, केवल पेपर में नहीं। इस दौरान वीपी हेल्थ, सेफ्टी एंड सस्टेनेबिलिटी राजीव मंगल ने बताया कि जमशेदपुर रेड स्ट्रिप में 51 अत्यंत जोखिम वाली दुर्घटनाएं हुईं, हालांकि इनमें किसी की जान नहीं गई।

उन्होंने फायर सेफ्टी में अग्निशमन बचाव पांच से 10 अक्टूबर के बीच चलाने का सुझाव दिया। एमडी ने कहा, जब भी ऐसे आयोजन करते हैं तो कुछ दिनों तक सब ठीक चलता है, पर बाद में फायर प्वाइंट को चेक करने को नहीं जाता।

कांट्रैक्टर इम्प्लाई के लिए नया पोर्टल लांच

एचआर वीपी, यशवंत पांडेय ने बताया कि कांट्रैक्टर इम्प्लाई के लिए नया पोर्टल लांच हुआ है। इसमें सभी कर्मचारियों के पीएफ, ग्रेच्युटी, पंप, ड्यूटी आवर्स आदि से संबंधित पूरी जानकारियां मिलेगी। उनका वेतन भी दिखेगा। एमडी ने इसकी सराहना की और कहा कि इसे कंपनी की जेडीसी, कैंटीन व मास मीटिंग में बताया जाना चाहिए। इसे रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क के तौर पर प्रस्तुत कराना चाहिए। पहले कंपनी के कांट्रैक्टर कर्मियों का कोई पोर्टल नहीं था जिसमें वे शिकायत कर सकते।

भीड़ बढ़ने से खाने की गुणवत्ता प्रभावित

कैंटीन की व्यवस्था पर सिंटर प्लांट के सुबोध पांडेय ने कहा कि हमारे यहां विचित्र स्थिति है। कैंटीन में भीड़ बढ़ गई है। ठेकाकर्मियों के आने से गुणवत्ता व मात्रा में फर्क आ गया है। जब बड़े अधिकारियों का विजिट रहता है, तो गुणवत्ता अच्छी रहती है। बाद में पुरानी स्थिति हो जाती है। डीआईसी-सेफ्टी कमेटी के चेयरमैन चैतन्य भानु ने कहा कि प्रतिमाह इस पर बैठक होती है। हालांकि वीपी ने कहा, ऐसा होता होगा। मेन्यू तो वही रहता है लेकिन क्वालिटी में अंतर आता होगा। उन्होंने नियमित जांच पर जोर दिया। एमडी ने कहा कि यदि इस तरह की परेशानी है तो इसका समाधान किया जाए। भविष्य में इस तरह के सवाल मेरे पास नहीं आना चाहिए।

लखनऊ से आदित्यपुर तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

जमशेदपुर। लखनऊ से आदित्यपुर तक एक दिवसीय स्पेशल ट्रेन चलेगी। बताया जाता है कि ट्रेन लखनऊ से 10 अक्तूबर को रवाना होगी, जबकि आदित्यपुर से ट्रेन 15 अक्तूबर को लखनऊ के लिए खुलेगी। झारखंड की राजधानी रांची से पश्चिम बंगाल स्थित शालीमार के लिए दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ को लेकर स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से हुआ है। रेलवे के अनुसार, ट्रेन 14 अक्तूबर से 27 नवंबर तक चलेगी।

वेतन-ओटी को तरस रहे ठेका मजदूर

जमशेदपुर। टाटा पावर के ठेका प्रतिष्ठानों में कार्यरत मजदूरों के वेतन और ओवर टाइम (ओटी) के भुगतान में देरी को लेकर टाटा पावर मजदूर यूनियन ने प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि लंबित भुगतान का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो मजदूरों के हित में आंदोलन शुरू किया जाएगा। यूनियन के उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार ठाकुर ने कहा कि वर्षों से टाटा पावर के ठेका प्रतिष्ठानों में काम कर रहे मजदूरों को समय पर वेतन और अन्य देय राशि नहीं मिल रही है।

रेलवे ने बदला अपना ही आदेश, 11 ट्रेनें होंगी रद्द

बंडामुंडा लाइन ब्लॉक

- टाटानगर से राउरकेला तक लाइन ब्लॉक से यात्री परेशान
- बंडामुंडा में लाइन ब्लॉक से रद्द की जाती हटिया की ट्रेन

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता। दुर्गापूजा के दौरान कोल्हान समेत ओडिशा-बंगाल के यात्रियों को ट्रेनों से आवागमन में दिक्कत होगी, क्योंकि रेलवे चक्रधरपुर मंडल में बंडामुंडा-राउरकेला के निकट पांचवीं लाइन के कार्य को लेकर ब्लॉक लेगा। इससे टाटानगर, हावड़ा व मुंबई मार्ग की 11 ट्रेनें 4 से 13 अक्तूबर तक रद्द होंगी।

मालूम हो कि रेलवे द्वारा बुधवार रात पूजा के यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर लाइन ब्लॉक के आदेश को वापस लेने और ट्रेनों के सामान्य समय से अप-डाउन की घोषणा की थी, लेकिन करीब एक घंटे के अंदर लाइन ब्लॉक जारी रखने और ट्रेनों को रद्द करने का आदेश फिर से हो गया। इससे टाटानगर-राउरकेला मेमू ट्रेन, टाटानगर से इतवारी, हटिया और बिलासपुर एक्सप्रेस 4, 7, 11 व 13 अक्तूबर को रद्द रहेगी। हावड़ा से कांटाबांजी इस्पात एक्सप्रेस 4, 6, 11 और 13 अक्तूबर और हावड़ा-जूनागढ़ इस्पात एक्सप्रेस 5, 7, 12 व 13 अक्तूबर को अप-डाउन रद्द होगी। बादामपहाड़-राउरकेला एक्सप्रेस 4 व 11 और शालीमार-बादामपहाड़ एक्सप्रेस 3 व 10 अक्तूबर को अप-डाउन नहीं करेगी। बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस 9 व 10 अक्तूबर, नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस 12 व 14 अक्तूबर और हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस भी 13 व 14 अक्तूबर को पूर्व की आदेश के तहत रद्द रहेगी।

पूजा के यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ सतर्क

जमशेदपुर। पूजा के यात्रियों की सुरक्षा को लेकर दक्षिण पूर्व जोन और चक्रधरपुर मंडल की तैयारी शुरू हो गई है, ताकि दुर्गा पूजा से छठ तक टाटानगर स्टेशन पर यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। इसके लिए दक्षिण पूर्व जोन के आरपीएफ आईजी सौरभ त्रिवेदी ने बुधवार को ऑनलाइन मीटिंग में सुरक्षा सख्त करने व भीड़ नियंत्रण पर जोर दिया।

रॉ मटेरियल डिवीजन के ढांचे में बदलाव

टाटा स्टील

जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता। टाटा स्टील ने रॉ मटेरियल डिवीजन के सांगठनिक ढांचे में बदलाव किया है। घरेलू स्रोतों से कोकिंग कोल की हिस्सेदारी बढ़ाने और कोल वाशिंग से जुड़ी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किए गए ये बदलाव 1 अक्तूबर, 2026 से प्रभावी होंगे।

टैलेंट हब के प्रमुख मनीष कुमार को पदोन्नति देकर चीफ कोल बेनिफिशिएशन एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज, झरिया बनाया गया है। वे झरिया से काम करेंगे और जनरल मैनेजर, झरिया को रिपोर्ट करेंगे। वहीं, सिजुआ ग्रुप के चीफ विकास कुमार को री-डेजिगनेट कर चीफ माइंस, झरिया की जिम्मेदारी दी गई है। वे भी झरिया में पदस्थापित रहेंगे और जनरल मैनेजर, झरिया को रिपोर्ट करेंगे।

तीन प्रमुख टीमों की जिम्मेदारी संभालेंगे मनीष : नए सांगठनिक ढांचे में प्रसेनजीत सामंत (हेड, जेसीपीपी), अनुराग श्रीवास्तव (हेड, बीसीपीपी) और अमन (हेड, इंजीनियरिंग सर्विसेज, झरिया) अब चीफ मनीष कुमार को रिपोर्ट करेंगे। इसी तरह मनोज कुमार (हेड, भेलाटांड़), संजीव कुमार ठाकुर (हेड, सिजुआ), आलोक कुमार सिंह (हेड, प्लानिंग), बसंत कुमार सिंह और अमित कुमार दत्ता चीफ माइंस, झरिया विकास कुमार को रिपोर्ट करेंगे। टीएसडी प्लानिंग में असिस्टेंट मैनेजर रविनीत सिंह के अस्थायी स्थानांतरण का कार्यकाल भी बढ़ा दिया है।

KRIBHCO
Cooperative and beyond...
KRISHAK BHARATI COOPERATIVE LIMITED
P.O. KRIBHCO NAGAR, SURAT-394515 GUJARAT.
TENDER NOTICE
KRIBHCO invites application for Pre-qualification of Contractors/Vendors for "Renovation Works"
Last date for Submission of Application : 17.10.2026
Eligibility criteria and other details are available on KRIBHCO → About Us → Important Links → Tenders. For clarification, contact CGM (Commercial)
E-mail : stmakwana@kribhco.net

PSPCL
पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी हेड ऑफिस, दी मॉल, पटियाला-147001
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U40109PB2010SGC033813
वेबसाइट: www.pspcl.in
(संपर्क नं.: 96461-20640)
निविदा पूछताछ सं.: 1963/सीएस एंड एसएमएसई/ओ एंड एम/पीसी-2803 ए दिनांक: 01.10.2026
मुख्य अभियंता/ओ एंड एम (पी एंड पी प्रकोष्ठ-I), जीएचटीपी, लेहरा मोहब्बत-151111 जिला भठिण्डा द्वारा स्टील संरक्षण के प्रापण के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रमात्रा निआसूची के अनुसार। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना और निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दिनांक 01.10.2026 को 17.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट: शुद्धिपत्र और संशोधन, यदि कोई हो तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/15814 जीएचटीपी-75/26

PSPCL
पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
कार्यालय: मुख्य अभियंता/सिविल डिज़ाइन एवं निर्माण,
ई-4, शक्ति विहार, पीएसपीसीएल, पटियाला-147001
विषय: हाल गेट कॉम्पलेक्स, अमृतसर में नये आधुनिक बहुमंजिला कार्यालय भवन के लिए वास्तुकला संबंधी परामर्शदाताओं/फर्मों का सूचीयन एवं अल्प सूचीयन
प्रस्तावित आरसीसी फ्रेम्ड नये आधुनिक बहुमंजिला कार्यालय भवन जिसमें जी+3 मंजिलें तथा एक बेसमेंट है, लिफ्टों के प्रावधान सहित, लगभग 2 कनाल प्लॉट में लगभग 85,000 वर्ग फीट की कवर्ड एरिया के साथ, के लिए ईसीएसबीसी अनुपालन के साथ कार्यालयों एवं फर्नीचर की ले आउट योजना, वास्तु एवं संरचनात्मक डिज़ाइन एवं ड्राइंग्स, आंतरिक एवं बाहरी डिज़ाइन तैयार करने सहित व्यापक वास्तुकलात्मक एवं सम्बद्ध अभियांत्रिकी परामर्शदायी सेवाओं के लिए अपेक्षित अनुभव एवं विशेषज्ञ क्षमतावाले वास्तुकला संबंधी परामर्शदाताओं/फर्मों के सूचीयन एवं अल्पसूचीयन के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं जो कि इस कार्यालय में दिनांक 02.11.2026 को या इससे पूर्व सायं 05.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। परियोजना को 2 वर्ष के अंदर पूरा किया जाना प्रस्तावित है। पात्रता शर्तें सहित विस्तृत निविदा सूचना के लिए कृपया दिनांक 07.10.2026 को प्रातः 09.00 बजे से वेबसाइट www.pspcl.in देखें।
नोट: शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, यदि कोई हो, www.pspcl.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जायेगा।
RO No. 1079/12/2026/27/15822 सी 943/26

COURT NOTICE
In the Court of the Civil Judge, Senior Division, at Chandil.
Original Suit No.- 38/2024
Md. Ramzan Ansari aged about 60 years old, S/o- Late Md Karamat Ansari, Present and permanent resident of village-Gousnagar Kapali, P.O.- Kapali, P.S.-Chandil, Dist-Seraikella Kharmawan, Jharkhand. ....Plaintiff
Versus
Lal Singh & others ....Defendants
To,
1. Lal Singh @ Rabi Singh S/o- Dhan Singh, of village Kapali, Tola- Karamgora, PO- Kapali, P.S- Chandil, Dist Seraikella Kharsawan Jharkhand.
2. Amar Singh S/o- Dhan Singh, of village Kapali, Tola-Karamgora, PO- Kapali, PS-Chandil. Dist Seraikella Kharsawan Jharkhand.
3 (a) Guruwari Singh W/o- Sonu Singh, of village Kapali, Tola Karamgora, PO- Kapali, P.S.-Chaodil, Dist Seraikella Kharsawan Jharkhand.
3. (b) Subhash Singh @ Gobri S/o- Sonu Singh, of village Kapali, Tola Karamgora, PO- Kapali, P.S.- Chandil, Dist- Seraikella Kharsawan Jharkhand
(c) Nandu Singh S/o- Sonu Singh, of village Kapali, Tola- Karamgora, PO-Kapali PS-Chandil, Dist Seraikella Kharsawan Jharkhand.
4. Sukhdev Singh S/o- Hari Pado Singh @ Puna Singh, of village Kapali. Tola Karamgora. PO.- Kapali, P.S.-Chandil, Dist Seraikella Kharsawan Tharkhand.
5. Nakul Singh So Hari Pado Singh @ Puna Singh, of village Kapali, Tola Karamgora, PO.- Kapali, P.S-Chandil, Dist Seraikella Kharsawan Jharkhand .... Principal Defendants
6. The Deputy Commissioner, Seraikella Kharsawan-833219 ....Proforma Defendant.
Whereas the plaintiff has instituted an Original Suit no. 38/2024 for Declaration of Righi. title, interest over the suit land against the defendants with respect to Schedule land
You are hereby given notice to attend this court on the 13th Day of October 2026 at to defend the said suit and in default of your appearance on the day specified the said suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of the Court, this 15th day of Sept. 2026.
Sd/- Civil Judge Sr. Div.-I Chandil

COURT NOTICE
In the Court of the Civil Judge, Jr. Division-XIII at Jamshedpur
Original T (P). Suit No. 117 / 2019
Nazbun .... Plaintiff
-Vrs-
Asgar Ali & Others .... Defendants
To,
1. Abdul Sattar, S/o. Late Qurban Mian.
2. Yasmin Nigar, D/o. Late Qurban Mian, both Resident of Ex-58, Line No. 2, B-Block, Dhatkidih, P.S. Bistupur, Town - Jamshedpur, Dist.-Singhbhum East.
3. Mrs. Bilquees Khanam, W/o. Late Md. Mohiuddin. 4(a). Md. Asif, S/o. Late Md. Mohiuddin, 4(b). Md. Israfic, S/o. Late Md. Mohiuddin. 4(c). Khushnoor Khannam, 4(d). Farah Khannam, both D/o Late Md. Mohiuddin, all Sl. No. 3 to 4(d) are resident of H.No. 10, Near Layout, Line No. 3, B-Block, Dhatkidih, P.S. Bistupur, Town-Jamshedpur, Dist.-Singhbhum East. 5. The Deputy Commissioner, East Singhbhum at Jamshedpur, Jharkhand. 6. The G.M. (Land), Tata Steel Ltd., Jamshedpur, Singhbhum East.
Whereas the above named Plaintiff has filed this suit for simple Partition against you and you are avoiding to appear in this suit inspite of several notices have been issued against you through Nazarat, Civil Court, Jamshedpur, as well as Registered post notice. You are hereby directed to appear in this court on the 25th day of November, 2026 personally or through yours duly instructed lawyer, failing which this case will be heard Ex-parte in yours absence.
Given under my hand and seal in this court on this the 01st day of Oct., 2026.
Sd/- Civil Judge, Junior Division-XIII at Jamshedpur

COURT NOTICE
In the Court of the Civil Judge I (Senior Div) at Jamshedpur
Commercial Suit No. 11 of 2022
Bank of India .... Plaintiff
Versus
M/s Sneha Namkeen & Anr ... Defendants
To,
1. M/s Sneha Namkeen, At + P.O. Rahargora, P.S. Parsudih, Janigora, Near Chowk, Dist.-East Singhbhum-831016.
2. Mrs. Premlata Devi (Proprietor), S/o. Mr. Laxman Kumar, Resident of H.No. 65 A, Rahargora Main Road, Near Samudayik Vikash Bhawan, P.S. Parsudih, P.O. Rahargora, Town Jamshedpur, Dist.-East Singhbhum - 831016.
Whereas the above named applicants namely BANK OF INDIA has filed the above noted Commercial Suit against you in this suit under Commercial Courts Act, 2015 and notices have been issued through Registered Post as well as through Nazarat, but you have failed to appear before this Court. You are hereby directed to appear before this court physically on 26.11.2026 at 11:00 AM to answer the same, failing which, the case shall be heard Ex-Parte in your absence in accordance with law.
Given under my hand and the seal of this Court on this 28th day of September, 2026.
Sd/- Civil Judge I, (Senior Div) at Jamshedpur

SBI भारतीय स्टेट बैंक
एसबीआई गृह ऋण केन्द्र, जमशेदपुर
प्रथम तल, जमशेदपुर शाखा भवन, बिष्टुपुर, जमशेदपुर-831001
वाहन की बिक्री (दिनांक: 08.10.2026) नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना
भारतीय स्टेट बैंक ने हमारी शाखा के ऋण खाते में हाइपोथेकेशन समझौते के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित वाहनों को बैंक के बकाया की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचने के अधिकार के साथ अपने कब्जे में ले लिया है।

क्र.सं.	कर्जदार का नाम	निर्माता	मॉडल	रजिस्ट्रेशन वर्ष	रजिस्ट्रेशन सं.	आरक्षित मूल्य (रु.)
01	श्री विशिज	STELLANTIS AUTOMOBILES INDIA PVT. LTD.	New Citron C3 X Live	2025	JH-05-EG-4218	रु. 3,67,000.00
02	श्री ललित कुमार राणा	KIA INDIA PVT. LTD.	KIA Carens G 1.5 GMT Prestige 07	2025	JH-05-DZ-0115	रु. 8,33,000.00
03	श्रीमती रबीता कुमारी	MARUTI INDIA LTD.	Ertiga Smart Hybrid VXI (O)	2024	JH-05-DW-5176	रु. 7,07,000.00
04	श्री ध्रुव प्रसाद सिंह	MG MOTOR INDIA PVT. LTD.	MG Astor ZS VTI-Tech MT Sharp	2023	JH-22-H-9100	रु. 4,80,000.00
05	श्री सुशील होरो	HYUNDAI	Hyundai Creta 1.5 MPIMT SX	2023	JH-05-DZ-1578	रु. 9,95,000.00
06	श्री अमित कुमार सिंह	MARUTI INDIA LTD.	Maruti XL6 Smart Hybride Zeta	2025	JH-05-DZ-3987	रु. 10,79,000.00

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें :
1. ई-नीलामी की तिथि : 08.10.2026 (बृहस्पतिवार), समय : 360 मिनट सुबह 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के विस्तार के साथ।
2. ई-नीलामी, पोर्टल/वेबसाइट : https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
3. बोलीदाताओं को अपने मोबाइल सं. एवं ईमेल-आईडी का उपयोग करके इस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके अलावा, उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करना होगा जो सत्यापित हो जाते हैं (2 कार्य दिवस लग सकते हैं), तो बोलीदाताओं को समय पर ईएमडी राशि एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करनी होगी।
4. सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई ईएमडी को समायोजित करने के बाद, तुरंत यानी उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले, बिक्री मूल्य का 10% जमा करना होगा। बिक्री मूल्य का शेष 90% बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले देय होगा।
5. किसी भी आवेदन को या पूरी नीलामी प्रक्रिया को निरस्त या अस्वीकृत करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।
6. संपत्ति / वाहन संबंधी पूछताछ / सत्यापन के लिए मोबाइल सं. 8102076901, 9031802451 पर संपर्क करें, संपर्क का समय : सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य बोलीदाताओं से अनुरोध है कि एसबीआई जमशेदपुर मुख्य शाखा, बिष्टुपुर के परिसर में कार्यालय समय के दौरान ई-नीलामी से पहले व्यक्तिगत रूप से संपत्ति / वाहन का सत्यापन कर लें।
7. बैंक द्वारा बिक्री प्रमाणपत्र जारी करने के बाद जीएसटी, वाहन पंजीकरण शुल्क / खर्च स्वयं सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
दिनांक : 01.10.2026, स्थान : जमशेदपुर प्रकाशन में किसी भी प्रकार के त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेवार नहीं होगा। ह०/- (प्राधिकृत अधिकारी) भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र जमशेदपुर

अन्तर्गत,
न्यायालय अवर न्यायाधीश-नवम, मुजफ्फरपुर पूर्वी, मुजफ्फरपुर।
हकियत वाद संख्या-607/2022
जय कुमार .... वादी
बनाम
श्री शेखर प्रसाद वगैरह ...... प्रतिवादीगण
सूचना बनाम:- श्री केदार प्रसाद गुप्ता, पिता-स्व० सियाराम साह, निवासी मुहल्ला-शिव मंदिर रोड आजाद बस्ती, छोटा गोविन्दपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम, झारखंड, पिन कोड-831004
चूँकि उपरोक्त वाद में आपको इस प्रकाशन के माध्यम से आपको जानकारी दी जाती है कि वादी ने आपके विरुद्ध उक्त हकियत वाद दाखिल किया है जिसमें आपको सम्मन रजिस्ट्री और नजारत द्वारा भेजा गया परन्तु आप इस वाद में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अतः आप दिनांक-05.10.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जो भी उजूर दावी देना हो दें अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई की जाएगी।
इसे ताकीद जानें।
आज दिनांक 27.09.2026 को न्यायालय के हस्ताक्षर वो मोहर से जारी किया गया।
न्यायालय
अवर न्यायाधीश-नवम,
मुजफ्फरपुर पूर्वी, मुजफ्फरपुर।

BECIL
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
कॉर्पोरेट कार्यालय: सी-56/ए-17, सेक्टर-62, नोएडा (उ.प्र.)-201307, फोन: 0120-4177850
वेंडर्स के केंद्रीय पैनल हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)
बेसिल द्वारा डिजिटल/कन्वेंशनल एजुकेशनल एंड टीचिंग लर्निंग मैटेरियल की आपूर्ति के लिए बैक-एंड पार्टनर्स/वेंडर्स/एसोसिएट्स के केंद्रीय पैनल के गठन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) नं. बेसिल/सेंट्रलाइज्ड एम्पैनलमेंट/2026/5306/04) आमंत्रित की जाती है।
ईओआई दस्तावेज https://www.becil.com और http://eprocure.gov.in/epublish/app पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक कृपया निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर ईओआई जमा कर सकते हैं।
सीबीसी 22113/12/0009/2627

Nava Nalanda Mahavihara
(Deemed University)
Ministry of Culture, Government of India
Nalanda-803111, Bihar, INDIA
Advertisement for the Faculty Positions
Advt. Notice No. NNM/Adv./Faculty/2026/1125
Vacancy Notice
Applications in the prescribed format are invited from eligible candidates for engagement on the regular posts of Assistant Professor, Associate Professor and Professor in various subjects at NNM, Nalanda. Filled application forms may be submitted in prescribed format via Registered Post, or By Hand to the Registrar, Nava Nalanda Mahavihara, Nalanda. For detailed terms, conditions, and application proforma, visit: www.nnm.ac.in
Last Date for Submission: 30.10.2026 by 6:00 PM
Registrar
Nava Nalanda Mahavihara, Nalanda

गांधी मैदान में लोगों ने किया श्रमदान

मानगो गांधी मैदान में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का दिया संदेश।

जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मानगो नगर निगम की ओर से गुरुवार को गांधी मैदान में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 150 से अधिक लोगों ने भाग लेकर मैदान की साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। प्रतिभागियों ने सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और आसपास के लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। महापौर सुधा गुप्ता, अपर नगर आयुक्त जितेंद्र कुमार यादव, उप महापौर राहुल कश्यप, उप नगर आयुक्त विजय वर्मा तथा सहायक नगर आयुक्त चंदन कुमार और अकील जावेद के नेतृत्व में नगर निगम के पदाधिकारियों, वार्ड पार्षदों, कर्मचारियों, युवाओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों ने श्रमदान किया।

जुगसलाई में चला स्वच्छता ही सेवा अभियान

जमशेदपुर। जुगसलाई नगर परिषद की अध्यक्ष नौशीन खान के नेतृत्व में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इसमें नगर परिषद के सदस्यों, महिलाओं, युवाओं व स्वयंसेवकों ने भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के दौरान अध्यक्ष नौशीन खान सहित नगर परिषद के प्रतिनिधियों और अन्य प्रतिभागियों ने स्वयं हाथों में झाड़ू लेकर सफाई की। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने वातावरण को स्वच्छ रखने को प्रेरित किया।

इधर, डाकविभाग सिंहभूम मंडल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वच्छता शपथ, श्रमदान, पौधारोपण और सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह, उप डाक अधीक्षक गुड़िया कुमारी, डाक निरीक्षक (जन शिकायत) सुचित रंजन आदि मौजूद रहे।

साकची रेडक्रॉस भवन में रक्तदाता का उत्साह बढ़ाते अतिथि। • हिन्दुस्तान

तीन शिविरों में 865 ने किया रक्तदान

जमशेदपुर। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जमशेदपुर के तीन शिविर में 865 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि तीन दिन में 2170 यूनिट रक्तदान हुआ।

रेडक्रॉस के साकची भवन में रक्तदान शिविर में टाटा स्टील तथा निप्पन स्टील के संयुक्त उपक्रम जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक कपिल मोदी ने कहा कि रक्तदान महायज्ञ का वृहद पैमाने पर आयोजन करना आवश्यक है। इससे पीड़ित लोगों की जीवन रक्षा होती है। धालभूम एसडीओ सह रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष अर्णव मिश्रा ने कहा कि जमशेदपुर में मानवता की सेवा में विभिन्न तरह के कार्यक्रम होते हैं।